साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर: शैक्षिक उन्नयन की दिशा में एक अभिनव प्रयोग

जे० एस० हिन्दू (पी० जी०) कॉलेज, अमरोहा द्वारा विगत वर्ष सितंबर माह में निःशुल्क कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसकी परिणति के रूप में 'साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर' की स्थापना की गई। महाविद्यालय के नवागत प्राचार्य **डॉ० वीर वीरेंद्र सिंह** ने नवम्बर, 2021 के अंत में शैक्षणिक नवाचार एवं छात्र–छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन तथा उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए नई शिक्षा नीति (NEP), 2020 और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की नीतियों के अनुरूप महाविद्यालय परिसर में 'साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर' की स्थापना की। इस अध्ययन केंद्र के अंतर्गत छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है तथा ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यमों से कक्षाओं का संचालन भी किया जा रहा है। महाविद्यालय से परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके पूर्व विद्यार्थियों एवं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए नेट/जे.आर.एफ. एवं पी.जी.टी. (प्रवक्ता) परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क परामर्श एवं शिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ आई.ए.एस. व पी.सी.एस. तथा अन्य विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की सफलता में महत्वपूर्ण घटक सामान्य अध्ययन (GS) की कक्षाएं भी संचालित की जा रहीं हैं, साथ ही इन परीक्षाओं के स्वरूप, पाठ्यक्रम से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है।

साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर के प्रभारी/कार्यक्रम समन्वयक **श्री ज्ञानेश कुमार वर्मा**, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग के द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के उन शिक्षक/शिक्षिकाओं, जो समाज सेवा की भावना से निःशुल्क रूप से इस कार्य में अपनी सेवा देने के लिए सहज रूप से स्वयं इस अभियान से जुड़ें हैं, के संयुक्त सक्रिय प्रयासों से नेट/पीजीटी एवं सामान्य अध्ययन की कक्षाओं का सफलतापूर्वक संचालन एवं छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया जा रहा है।

नेट/पीजीटी परीक्षा

असिस्टेंट प्रोफेसर/ लेक्चरार के तौर पर करियर शुरू करने के लिहाज से यूजीसी–नेट (National Eligibility Test)/ पीजीटी (Post Graduate Teacher) बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है। यूजीसी–नेट की परीक्षा हेतु प्रमुख/ आवश्यक मार्गदर्शन को यहाँ संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है –

यह कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है, अतः सैंपल/ प्रारूप/ मॉक टेस्ट अभ्यर्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। यूजीसी–नेट का सैंपल/ प्रारूप/ मॉक टेस्ट एन.टी.ए. (National Testing Agency) की वेबसाइट पर उपलब्ध रहता है। अभ्यर्थियों को इसका भरपूर लाभ लेना चाहिए तथा उपलब्ध

संसाधनों तसल्ली से दोहन करना चाहिए। अभ्यर्थी पाठ्यक्रम को अच्छे से समझ लें तथा विषयवार समय–सारणी बना लें। अध्ययन के दौरान नोट्स बनाते रहें तथा उसे दोहराते रहें। प्रतिदिन अभ्यास करें, ताकि विषय सामग्री पर मजबूत पकड़ बन सके।

'साहू जगदीश सरन स्टडी सेंटर' से जुड़े शिक्षक/शिक्षिकाओं का विवरण

प्राचार्य/ संरक्षक – डॉ० वीर वीरेंद्र सिंह

प्रभारी/ कार्यक्रम समन्वयक – श्री ज्ञानेश कुमार वर्मा

<u>नेट/पीजीटी परीक्षा</u>

गृहविज्ञान विभाग (दिनांक 03–12–2021 से संचालित)

डॉ० पूजा त्यागी, प्रभारी एवं विषय विशेषज्ञ

श्रीमती ज्योति, विषय विशेषज्ञ

समाजशास्त्र विभाग (दिनांक 05–01–2022 से संचालित)

डॉ० जितेंद्र कुमार, प्रभारी एवं विषय विशेषज्ञ

डॉ० अनुराग कुमार पाण्डेय, विषय विशेषज्ञ

श्री ज्ञानेश कुमार वर्मा, विषय विशेषज्ञ

अंग्रेजी विभाग (दिनांक 05–01–2022 से संचालित)

श्री नागेन्द्र प्रसाद मौर्य, प्रभारी एवं विषय विशेषज्ञ

सुश्री गीतांजली, विषय विशेषज्ञ

डॉ० राजन लाल, विषय विशेषज्ञ

शिक्षाशास्त्र विभाग (दिनांक 05–01–2022 से संचालित)

श्री सत्य प्रकाश परमार, प्रभारी एवं विषय विशेषज्ञ

वाणिज्य विभाग (दिनांक 08–01–2022 से संचालित)

डॉ० बीना शर्मा, प्रभारी एवं विषय विशेषज्ञ

उर्दू विभाग (दिनांक 10–02–2022 से संचालित)

डॉ० सईदुल हसन, प्रभारी एवं विषय विशेषज्ञ

हिन्दी विभाग (दिनांक 07–02–2022 से संचालित)

डॉ० सोनिया यादव, विषय विशेषज्ञ (अतिथि)

नेट प्रथम प्रश्न पत्र (दिनांक 21–02–2022 से संचालित)

डॉ० अपर्णा सेंगर, विषय विशेषज्ञ (अतिथि), शोध अभिवृत्ति

श्री नागेन्द्र प्रसाद मौर्य, विषय विशेषज्ञ, तार्किक एवं गणितीय अभिक्षमता

श्रीमती ऋचा सक्सेना, विषय विशेषज्ञ (अतिथि), शिक्षण अभिवृत्ति

श्री अमित कुमार भटनागर, विषय विशेषज्ञ, कम्प्यूटर एवं आई.सी.टी.

सामान्य अध्ययन

भारतीय इतिहास एवं कला–संस्कृति (दिनांक 10–01–2022 से संचालित)

श्री ज्ञानेश कुमार वर्मा, विषय विशेषज्ञ

श्री अश्विनी कुमार तिवारी, विषय विशेषज्ञ (अतिथि)

भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था (दिनांक 03–02–2022 से संचालित)

श्री अश्विनी कुमार तिवारी, विषय विशेषज्ञ (अतिथि)

जे० एस० हिन्दू (पी० जी०) कॉलेज, अमरोहा में अध्ययन कर चुके पूर्व तथा वर्तमान सभी छात्र–छात्राएं इन कक्षाओं में पढ़ने हेतु या किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के संबंध में जानकारी करने हेतु **समाजशास्त्र विभाग** में आकर संपर्क कर सकते हैं।